दिनांक : 28 .05.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

ऽ किसानों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देने के लिए कल से शुरू होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान।

ऽ बैतूल जिले के सारणी में आज होगा स्व सहायता समूहों का सम्मेलन, मुख्यमंत्री करेंगे 464 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन।

ऽ राष्ट्रपति ने 69 हस्तियों को प्रदान किए पद्म पुरस्कार, प्रदेश की तीन विभूतियां पद्मश्री से सम्मानित।

ऽ मानसून सीजन में देशभर में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना, प्रदेश में आज भी जारी रहेगा आंधी-बारिश का दौर।

अब समाचार विस्तार से:-

विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान कल से शुरू किया जाएगा। इस देशव्यापी अभियान की शुरुआत ओडिशा के पुरी में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में होगी। यह अभियान अगले महीने की 12 तारीख तक चलता रहेगा और इसमें देश के 700 से अधिक जिलों को शामिल किया जाएगा। श्री चौहान ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों को विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष प्रमुख खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना है।

मोदी वोकल फॉर लोकल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में महात्मा मंदिर में कल एक जनसभा में कहा कि स्वाधीनता के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी दैनिक खपत का आकलन कर विदेशी उत्पादों की पहचान करें और उन्हें स्वदेशी विकल्पों के साथ बदलें।

स्व सहायता समूह सम्मेलन

बैतूल जिले के सारणी में आज स्व सहायता समूहों के सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य आतिथ्य होंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री जिले के विकास को नई दिशा देने वाले 464 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और

भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री और बैतूल सांसद दुर्गादास उईके करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले की विकास पुस्तिका का विमोचन भी करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

डी.एम.के. सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करने के लिए भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत ग्रीस पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल स्लोवेनिया से ग्रीस पहुंचे दल ने वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता के भारत के नए मानकों पर जोर दिया। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने पाकिस्तान के इरादों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंचने के लिए 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का काम सौंपा है।

राष्ट्रपति-पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2025 के लिए कल 69 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से तीन को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और 57 लोगों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

मप्र पद्मश्री

राष्ट्रपति द्वारा मध्य प्रदेश की तीन विभूतियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। इनमें भोपाल के हर चंदन सिंह भट्टी को जनजातीय व लोककला, निमाड़ अंचल के जगदीश जोशीला को निमाड़ी साहित्य और शिक्षा और चित्रकूट के डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने वाली इन विभूतियों ने अपने परिश्रम, समर्पण और लगन से कला, साहित्य शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रतिमान स्थापित किए हैं। इनका योगदान युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

अवैध उत्खनन निगरानी

प्रदेश में खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सेटेलाइट आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने उपग्रह आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर को आदेश जारी कर दिये हैं। श्री उमराव ने बताया कि

इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है।

मौसम

मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष मानसून सीजन में देशभर में वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है। मौसम विभाग के महानिदेशक, मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि जून से सितंबर के बीच होने वाली वर्षा मौसमी औसत से अधिक रहने की संभावना है।

बाइट- मृत्युंजय महापात्रा

इधर, प्रदेश में नौतपा के तीसरे दिन भी गर्मी की बजाय आंधी-बारिश वाला मौसम रहा। भोपाल, उज्जैन, राजगढ़, मंडला, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, गुना, देवास समेत 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। आज भी भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है। कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50 किमी प्रति घंटा तक रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 31 मई तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल टी20 क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराकर आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बना ली है। लखनऊ के 228 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 ओवर और 4 गेंदों में चार विकेट पर 230 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित बीस ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए।

योग संगम

अगले महीने की 21 तारीख को देशभर में आयोजित होने वाले योग संगम के लिए दस हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में भारत की कॉर्पोरेट संस्कृति में योग की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की थी। उन्होंने इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य के प्रति निजी क्षेत्र की प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली संकेत बताया। श्री मोदी ने कहा था कि कुछ संस्थानों और स्टार्ट-अप फर्मों ने अपने कार्यालयों में योग अभ्यास के लिए एक अलग स्थान निर्धारित किया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ एक पेड़ माँ के नाम' अभियान इस साल भी प्रदेश में 5 जून से 30 सितम्बर तक चलाया जाएगा। प्रमुख सचिव पर्यावरण नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि सभी कलेक्टर को अभियान की कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

- गुना कलेक्टर न्यायालय ने कुल 1 हजार 209 प्रकरणों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निराकरण करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- मंडला जिले में जनसुनवाई में 95 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।
- डिंडौरी जिले में सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 65 नए सिविल डिफेंस वालंटियर ने भाग लिया।
- झाबुआ में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 1 जून से 26 जून तक मद्यपान और मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं को अवगत कराया जायेगा।
- धार जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में देवी अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन विषय पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- आगर मालवा में आयुष क्लीनिक द्वारा कल 68 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधियों का निशुल्क वितरण किया गया।

-------